<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>गृहविज्ञान महाविद्यालय में महिलाओं को दिया गया ब्लॉक प्रिटिंग प्रशिक्षण</u>

पंतनगर। 29 मार्च 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय के वस्त्र एवं परिधान विभाग तथा पारिवारिक संसाधन एवं प्रबंध विभाग द्वारा अनुसूचित जाति की महिलाओं के कौशल विकास हेतु तीन–दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण आई.सी.ए.आर.–नेशनल इस्टीटूयट ऑफ एग्रीकल्चर इकोनोमिक्स एण्ड पॉलिसी रिसर्च ;छप्।च्द्ध द्वारा प्रायोजित किया गया। इस तीन–दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के दूसरे दिन वस्त्र एवं परिधान विभाग द्वारा अनुसूचित जाति की 34 महिलाओं को गृह विज्ञान महाविद्यालय में ब्लॉक प्रिटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक प्रिटिंग एक प्राचीनतम कला है जिसका उपयोग कपड़े पर डिजाइन छापने के लिए किया जाता है। अधिष्ठात्री गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल ने महिलाओं के साथ चर्चा करते हुए महिलाओं को समझाया कि ब्लॉक प्रिटिंग कपड़ों की माँग विश्वव्यापी है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक प्रिटिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मार्ग खुल जाता है तथा उचित प्रशिक्षण व नवीनतम डिजाइन संयोजना द्वारा बाजार में स्थान बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि, डा. एस.के. कश्यप द्वारा ब्लॉक प्रिटिंग किट से संबंधित सामग्री, जैसे रंग, कपड़ा, ब्लॉक आदि, वितरित की गयी। प्रशिक्षण में कार्यक्रम समन्वयक, डा. साक्षी; वस्त्र एवं परिधान विभाग की विभागाध्यक्ष, डा. शहनाज जहां आदि उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाओं को ब्लॉक प्रिटिंग किट प्रदान करते अतिथिगण।